# लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी आज अल्मोड़ा दौरे पर

## अल्मोड़ा से होगा उत्तराखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद: कुमारी शैलजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस नेता व लोस में नेताप्रतिक्ष राहुल गांधी की अल्मोड़ा जनसभा को लेकर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा से उत्तराखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद होगा।

उन्होंने राहुल की जनसभा को भव्य बनाने का आह्वान किया। बुधवार को नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस की उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी शैलजा ने कहा कि आज अल्मोड़ा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जनसभा को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई है।



उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार से खुद भाजपा कार्यकर्ता भी त्रस्त हो चुके हैं। पूर्व में नगर भ्रमण के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनसे खुद कहा कि इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता दस साल के कुशासन से छुटकारा चाहती है। वहीं, उन्होंने कहा कि प्रदेश में टूरिज्म नीति पूरी तरह फेल साबित हो रही हैं। जगह-जगह जाम से निजात पाने में सरकार किल हो रही है। चुनाव के नेतृत्व में कहा कि पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुटता से चुनाव मैदान में उतरेंगे। यहां प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, नारायण पाल, हरीश धामी, भुवन कापड़ी, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# मारपीट में बुजुर्ग की मौत मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** घर के आगे गाड़ी खड़ी करने पर हुए विवाद में मारपीट एवं उपचार के दौरान वृद्ध की मृत्यु के मामले में कोतवाली आईटीआई पुलिस ने फरार दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बीती 31 मई को अनीस पुत्र कासम अली निवासी महुआखेड़ागंज ने कोतवाली आईटीआई पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 मई की रात्रि लगभग 11 बजे घर में शादी की तैयारी में व्यस्त थे तभी घर के सामने दरवाजे पर अली अकबर पुत्र सुबराती और अहमद रजा पुत्र साबिर हुसैन ने अपनी स्कॉर्पियो लाकर खड़ी कर दी। उन दोनों से कहा कि हमारे घर पर शादी है, यहां शादी का सामान रखा जाना है आप गाड़ी को अन्यत्र खड़ा कर दें। इस पर विपक्षीगणों द्वारा गाली-गलौच करते हुए अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर शिकायतकर्ता और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई, जिसमें शिकायतकर्ता के परिवार के सदस्य करीब 68 वर्षीय अफजल पुत्र महबूब अली के सर पर रॉड लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गये और इलाज के दौरान 31 मई को उनकी मृत्यु हो गई तथा अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली आईटीआई में धारा मुक. दमा पंजीकृत कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया। मंगलवार को दो नामजद अभियुक्तों अली अकबर और नाजिम को भिन्न-भिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। टीम में विक्रम सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई, वरिष्ठ उपनि. रीक्षक अरविंद बहुगुणा, उपनिरीक्षक जसविंदर सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक पुष्कर भट्ट, कांस्टेबल धर्मेन्द्र भारती, कांस्टेबल सुरेन्द्र काम्बोज, कांस्टेबल जगदीश दुग्ताल व कांस्टेबल नरेश चौहान थे।

## एक नजर

### पूर्व सभासद से मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा।** पूर्व सभासद और रेस्टोरेंट संचालक के साथ धारधार हथियारों से मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नगर के मालरोड स्थित रेस्टोरेंट संचालक व पूर्व सभासद राजेंद्र तिवारी ने कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते 26 मई की रात वह अपने रेस्टोरेंट में बैठे थे। इसी दौरान मनीष नामक युवक दुकान में आ घुसा और गाली गलौज पर उतारू हो गया। विरोध करने पर युवक ने धारदार हथियार से उन पर एकाएक हमला कर दिया। जिससे उनके शरीर कई जगह चोटे आई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई है। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी युवके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी

**अल्मोड़ा।** जु-जित्सु नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने 19 पदकों पर अपना कब्जा जमाया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। बीते दिनों गाजियाबाद में नॉर्थ जोन चैंपियनशिप आयोजित हुई थी। इसमें खेल विभाग के अधीन दौलाघट में प्रशिक्षण लेने वाले दस खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जु-जित्सु प्रशिक्षक कुन्दन सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में हर्षित टम्टा ने स्वर्ण पदक, हर्षिता बिष्ट ने अण्डर दो रजत पदक, लक्की सिंह डांगी, विष्णु माया, सौरभ सिंह डांगी, जगदीश जोशी व प्रियांशु सिंह ने दो-दो कांस्य पदक, आदित्य सिंह बिष्ट ने एक रजत व एक कांस्य, निशा आर्या व दीपिका बिष्ट ने दो-दो रजत पदक प्राप्त किए। इस पर डीएसओ महेशी आर्या, उप क्रीड़ा अधिकारी अरूण बनग्याल, सहायक प्रशिक्षक जीवन प्रकाश, प्रशांत सिंह मेहरा आदि रहे।

### आयुक्त ने किया गन्ने का सर्वेक्षण

**काशीपुर।** आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग उत्तराखण्ड-काशीपुर द्वारा परिक्षेत्र नादेही के ग्राम मन्डुवाखेडा, भगवन्तपुर एवं भूडाफार्म आदि में कृषक महाराज सिंह, नन्हे सिंह, करतार सिंह, महवीर सिंह एवं अमरजीत सिंह आदि के गन्ना सर्वेक्षण की जांच की गयी मौके पर उपस्थित कृषक निपेन्द्र सिंह एवं करतार सिंह से आयुक्त द्वारा गन्ने से सम्बन्धित विषयों पर वार्ता की गयी। कृषकों ने बताया कि इस वर्ष उनके द्वारा गन्ने का क्षेत्रफल बढाया गया है। पिछले वर्ष गन्ने में बीमारी लगने के कारण क्षेत्रफल/उत्पादन में कमी आयी। इस दौरान कृषकों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान समय से कराये जाने की मांग की गयी। जिस पर आयुक्त द्वारा शीघ्र भुगतान कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना विकास निरीक्षक एवं गन्ना पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया। सर्वेक्षण के समय सहायक गन्ना आयुक्त मुख्यालय आशीष नेगी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदल सिंह, गन्ना विकास निरीक्षक डॉ. प्रिंयका खैरिया, प्रिंयका आर्या एवं चीनी मिल प्रभारी गन्ना विकास निरीक्षक जगतवीर सिंह एवं गन्ना पर्यवेक्षक योगेन्द्रपाल सिंह उपस्थित रहे।

### नाबालिग के आत्महत्या मामले में पांच पर मुकदमा

**काशीपुर।** नाबालिग लड़के द्वारा फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने दो सप्ताह बाद तहरीर के आधार पर नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। विदित हो कि 17 मई को नई बस्ती कटोराताल निवासी 17 वर्षीय मुर्सलीन ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में मृतक के चाचा इस्मान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मुर्सलीन का पास के मोहल्ले में रहने वाली एक लड़की से प्रेम प्रसंग था। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। आरोप है कि लड़की अपने खर्च के लिए समय-समय पर मुर्सलीन से रुपये भी मांगती थी। आरोप है कि प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर लड़की के पिता शकील, भाई फैज आलम, शान, शावेज और अन्य परिजनों ने मुर्सलीन को डराना-धमकाना शुरू कर दिया। उसे जान से मारने की धमकियां दी गईं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। आरोप लगाया कि 16 मई की रात करीब 11 बजे आरोपियों ने मुर्सलीन को फोन कर घर से बाहर बुलाया और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद से मुर्सलीन काफी तनाव में रहने लगा था। परिजनों का कहना है कि इसी मानसिक दबाव के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

### साइट से मिक्सर मशीन चोरी

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी रोड स्थित मालवा फॉर्म से लाखों रुपए कीमत की बीम डालने वाली मिक्सर मशीन चोरी हो गई। आईटीआई कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में डिफेंस कॉलोनी मोटेश्वर मंदिर के पास निवासी कुशेसर गुप्ता ऊं आनंद पुत्र राज किशोर ने बताया कि 25 मई को उसने खड़कपुर देवीपुरा निवासी नन्हे पुत्र मोर सिंह से बीम डालने वाली मिक्सर मशीन किराए पर लेकर ग्राम धीमरखेड़ा कोतवाली आईटीआई निवासी ठेकेदार खलील अहमद की कुंडेश्वरी रोड मालवा फॉर्म स्थित साइट पर छोड़ आया। तहरीर में बताया कि 5 दिन के बाद निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत जब वह मशीन वापस लाने लगा तो ठेकेदार खलील अहमद ने यह कहकर मशीन रोक ली कि मशीन से अभी और काम करना है। ठेकेदार के कहने पर शिकायतकर्ता ने मशीन वहीं छोड़ दी। 31 मई को जब वह साइड पर पहुंचा तो मौके से मशीन गायब थी। इस बारे में वहां मौजूद चौकीदार व ठेकेदार समेत मजदूरों ने मशीन के बारे में अभिज्ञता जताई।

# डीएम ने वन पंचायतों में आजीविका संवर्धन की बैठक ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** डीएम अंशुल सिंह ने बुधवार को वन पंचायतों में आजीविका संवर्धन एवं गैर काष्ठीय वन उपज विकास के संबंध में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परियोजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों को क्लस्टर आधारित मॉडल पर विकसित किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों को क्लस्टर आधारित मॉडल पर विकसित किया जाए, ताकि संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके तथा स्थानीय स्तर पर अधि. कतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वन पंचायतों का चयन इस प्रकार किया जाए और उनमें गतिविधियों का क्रियान्वयन ऐसी योजना के साथ किया जाए जिससे ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार एवं स्थायी आजीविका के अवसर सृजित हो। कहा कि जनपद की वन संपदा, औषधीय एवं सगंध पौधों की प्रचुरता को स्थानीय आर्थिक विकास से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को जनहितकारी एवं परिणामोन्मुख बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से वन पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को पहचान और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, प्रदीप धौलाखंडी, सीडीओ रामजी शरण शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# संगठन की शक्ति समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण अभियान के तहत अल्मोड़ा में कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान कार्यशाला में सरकार के देश में पिछले 12 वर्षों में किए गए कई विकास कार्यों को रखा गया।

कहा कि यह कालखंड भारत के विकास के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। पातालदेवी स्थित जिला पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता बसंत जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल विचार विकेंद्रीकरण है तथा संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के




नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि यह कालखंड भारत के विकास के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। बताया कि पांच जून से 21 जून तक जिला, विधानसभा, ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि आगामी अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएंगे। यहां कार्यशाला में पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, जिला महामंत्री दर्शन रावत, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, नीमा आर्या, किरन पंत, ललित लटवाल, रवि रौतेला, विनीत बिष्ट, संजय बिष्ट, नवीन बिष्ट, मंगल सिंह, हरीश सिजवाली, दिनेश पांडे, जगदीश रावत, संदीप श्रीवास्तव, सुनील बिष्ट, मदन बिष्ट, नरेंद्र आगरी, महिपाल बिष्ट, गोविंद मटेला, हरीश कनवाल, आनंद डंगवाल, कैलाश गोस्वामी, पूनम पालीवाल, कविता साह आदि रहे।

# शोध एवं नवचार को मिलेगी नई दिशा: कुलपति

## विवि में दो-दिवसीय ब्रेन (3.0) सम्मेलन 26-27 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित मीडिया संवाद के दौरान कुलपति डा. एसके कश्यप ने विश्व. विद्यालय को शोध, नवाचार तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की कार्ययोजना साझा की। उन्होंने बताया कि 26-27 जून को विश्वविद्यालय में दो-दिवसीय ब्रेन (3.0) (बूस्टिंग रिसर्च, एकेडमिक, इनोवेशन एंड नेटवर्किंग) सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में बहुविषयक शोध को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। विभिन्न



राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसियों को लगभग 45 शोध परियोजनाएं भेजी गई हैं तथा भविष्य में परिणामोन्मुख शोध को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि अनुसंधान के प्रत्यक्ष लाभ किसानों और समाज तक पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि विश्व. विद्यालय कृत्रिम बुद्धिमत्ता बीज उत्पादन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती जैसे उभरते क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसके तहत सेंटर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्थापना की योजना बनाई जा रही है। साथ ही पूर्व छात्रों, उद्योग एवं अन्य संस्थानों के अनुभवी विशेषज्ञों को 'विजिटिंग एडजंक्ट फैकल्टी' एवं 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के रूप में जोड़कर शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। डा. कश्यप ने कहा कि विश्वविद्यालय में पेटेंट, शोध प्रकाशन, अनुसंधान सहयोग, नवाच. ार तथा प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रत्येक विभाग को गुणवत्तापूर्ण शोध परियोजनाएं तैयार कर विभिन्न वित्तपोषण एजेंसियों से संसाधन जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य शोध, नवाचार और तकनीकी विकास के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान करना तथा किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

# पर्यावरण दिवस को लेकर वर्चुअल बैठक

**अल्मोड़ा।** जिले में विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। बुधवार को सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान को लेकर बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बुधवार को विकास भवन में आयोजित वर्चुअल बैठक में सीडीओ ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा आमजन को स्वच्छता एवं जलवायु संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जाए तथा सार्वजनिक स्थलों, जल स्रोतों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर कचरा एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को हतोत्साहित करते हुए लोगों को प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। वहीं, जनपद के पर्यटन स्थलों एवं पर्यटक क्षेत्रों में भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। पर्यटकों को कूड़ा-कचरा न फैलाने के लिए प्रेरित किया जाए तथा उन्हें भी एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़ते हुए पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा ग्रामीण स्तर तक इस कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की।

### गाजली-बिजोरिया मोटर मार्ग का भूमिपूजन

**बागेश्वर।** विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अंतर्गत करूली में राज्य योजना के तहत 1 करोड़ 67 लाख 47 हजार रुपए की लागत से बनने वाले करूली बैंड से गाजली-बिजोरिया मोटर मार्ग का विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग के बाद आखिरकार ग्रामीणों को अपना सपना पूरा होते हुए दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि यह मोटर मार्ग क्षेत्र की जनता के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। सड़क निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार से जुड़े कार्यों में सुविधा होगी तथा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की पहुंच मुख्य मार्गों तक आसान हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

# भारतीय भाषा समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीएम श्री राजकीय बालि. का इंटर कालेज दौलिया में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप का समापन बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. भारती नारायण भट्ट ने की। समापन अवसर पर छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बंशीधर पांडे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम प्रधान दौलिया राधा कैलाश भट्ट, बीडीसी सदस्य सोनी पंत, समाजसेवी कैलाश बिरखानी, एसएमसी अध्यक्ष, पीटीए अध्यक्ष तथा संगीत प्रशिक्षक जीवन चंद्र चुपडाल सहित कई गणमान्य लोग और अभिभावक



मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा बैंड प्रदर्शन से हुई। इसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ औपचारिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पूरे परिसर में सांस्कृतिक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। भारतीय भाषा समर कैंप के दौरान छात्राओं ने विभिन्न गति. विधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने छात्राओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना है। उन्होंने छात्राओं और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को भी मतदान और जागरूकता के प्रति प्रेरित करें।

### ठेकेदार से मारपीट

**काशीपुर।** एक युवती ने कुछ लोगों पर उसके पिता के साथ गाली गालौच करते हुए मारपीट कर बुरी तरह घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। ग्राम सरवरखेड़ा निवासी नेहा पाल ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर कहा कि उसके पिता नन्दकिशोर ठेकेदारी का कार्य करते हैं और आज बुधवार को सुबह 11. 30 बजे 5000 ईट जसपुर खुर्द स्थित बांसियोंवाला मन्दिर के निकट रहने वाले एक व्यक्ति के यहां भेजी थी। तहरीर में कहा कि कुछ देर बाद उसके पिता ईटों के भुगतान 66000 रुपये लेने उक्त व्यक्ति के पास गए तो तभी वहां 5-6 अज्ञात लोग आये और बिना किसी कारण उसके पिता को गाली-गलौच करते हुए बुरी तरह मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसके पिता के शरीर पर खुली व गुम चोटें आयीं हैं। नेहा ने पुलिस से उक्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की।

# खुली बैठक में उठी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** बुधवार को पंचायत भवन शांतिपुरी नं. 2 में बुधवार को प्रधान कविता तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिक खुली बैठक में ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क, नाली, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन और आवास जैसी जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में विकास कार्यों से जुड़े 40 से अधिक प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। बैठक के दौरान चराई मार्ग, गोबर गैस संयंत्र, विद्युत पोल स्थापना, पीटी. चंग कार्य, इंदिरा आवास तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान कविता तिवारी ने ग्रामीणों से गांव को स्वच्छ एवं विकसित बनाने के लिए पंचायत के विभिन्न मदों में निर्धारित शुल्क का नियमित भुगतान करने



और पंचायत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहयोग की अपील की। ग्राम विकास अधिकारी तारिक हुसैन एवं ग्राम पंचायत सचिव गुरप्रीत कौर ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी दी। हालांकि तहसील दिवस कार्यक्रम के कारण संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में नहीं पहुंच सके, जिससे कई ग्रामीणों ने निराशा व्यक्त की। बैठक में पूर्व प्रधान चंद्रकला कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा, कुशल सिंह कोरंगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

# दुकानदार पर महिला से अभद्र चैटिंग का आरोप, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में महिलाओं और युवतियों के साथ सोशल मीडिया पर कथित रूप से अभद्र चैटिंग एवं वीडियो कॉल करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ कोतवाली पुलिस में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, पिंडारी रोड क्षेत्र में रेडीमेड कपड़ों की दुकान संचालित करने वाले मोहम्मद सोहेल पर आरोप है कि वह कुछ महिलाओं और युवतियों से सोशल मीडिया के माध्यम से अनुचित बातचीत करता था। बताया जा रहा है कि आरोपी महिलाओं व युवतियों को कम दाम का प्रलोभन व उधार देकर उनसे उनकाफोन नम्बर मांगता था व रात के समय चौटिंग आदि करता था। इस संबंध में सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता उसकी दुकान पर पहुंचे और कथित तौर पर उसके मोबाइल फोन की जांच की। कार्यकर्ताओं का दावा है कि मोबाइल में कई महिलाओं और युवतियों के साथ हुई चैटिंग मिली। इसके बाद बजरंग दल से जुड़े लोगों ने कोतवाली पहुंचकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और तहरीर सौंपी। पुलिस ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की सत्यता की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि आरोपी मूल रूप से किच्छा क्षेत्र का निवासी है। इस दौरान मनोज बचखेती, पूरन रावत, पारस वर्मा, अमित गौतम, नीरज कोरंगा, महेंद्र सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मैग्नेसाइट के कर्मचारियों की हालत खस्ता

## ई-रवन्ना बंद होने से आर्थिक संकट, डीएम से गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड के कर्मचारियों ने जिला. धिकारी बागेश्वर को ज्ञापन सौंपकर कंपनी की खराब आर्थिक स्थिति और पिछले दो माह से ई-रवन्ना बंद होने से उत्पन्न संकट के समाधान की मांग की है। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में सांकेतिक प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों ने प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि वर्ष 1972 में स्थापित अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड लंबे समय से बागेश्वर और अल्मोड़ा जनपद के स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराती रही है। कर्मचारियों के अनुसार, 6 जनवरी 2025 को उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश के बाद सोप स्टोन खदानों में अवैज्ञानिक खनन के कारण कंपनी का खनन कार्य भी प्रभावित हुआ था, जिससे



कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और लगभग 500 कर्मचारी बेरोजगारी के संकट से जूझने लगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों के बाद 26 फरवरी 2026 को उच्च न्यायालय द्वारा कंपनी को पुन: संचालन की अनुमति मिल गई, लेकिन पिछले करीब दो माह से खनन रॉयल्टी जमा न होने के कारण मैग्नेसाइट का ई-रवन्ना बंद है। कंपनी पर लगभग 48 लाख रुपये की रॉयल्टी बकाया है, जबकि कंपनी की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि एकमुश्त भुगतान करना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि कंपनी को किस्तों में रॉयल्टी जमा करने की अनुमति दी जाए। साथ ही कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कंपनी को कम से कम 10 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। वेतन न मिलने के कारण कई कर्मचारी नौकरी छोड़कर पलायन करने को मजबूर हो चुके हैं। कर्मियों ने जिलाधिकारी से कंपनी की दयनीय स्थिति को देखते हुए मैग्नेसाइट के ई-रवन्ने को तत्काल खोलने तथा आवश्यक राहत प्रदान करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में अल्मोड़ा मैग्नेसाइट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष शांति लाल, सचिव गायत्री प्रसाद, सुरेंद्र लाल, नवीन सिंह करायत, मनोज, भूपेंद्र, विक्रम सहित कई मौजूद थे।

# पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** गर्वमेंट पेंशनियर वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक बुधवार को स्थानीय एक होटल में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सरकार से गोल्डन कार्ड व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा पेंशनरों को बेहतर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनरों से चिकित्सा मद में की जाने वाली कटौती मूल पेंशन के 50 प्रतिशत के आधार पर की जानी चाहिए। इसके अलावा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने बताया कि आगामी 9 जून को रुड़की में प्रदेश स्तरीय अधिवेशन आयोजित होगा, जिसमें संगठन का नया चुनाव भी संपन्न कराया जाएगा। जिला इकाई ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में अधिवेशन में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। बैठक में 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनरों को एक काल्पनिक वेतन वृद्धि (नोटेशनल इन्क्रीमेंट) का लाभ दिए जाने तथा सेवा निवृत्ति के पांच वर्ष बाद संबंधित विभागों से सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर संगठन के सबसे वरिष्ठ सदस्य शेर सिंह धपोला का 99वां जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। बैठक में मोहन चंद्र उप्रेती, पूरन चंद्र जोशी, नवल किशोर, गंगा सिंह रावत, दीवान सिंह, सीनियर सिटीजन संगठन के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# खुरपिया फार्म में मिला महिला का क्षत-विक्षत शव

## वन्य जीव के हमले की आशंका, मंगलवार से थी लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नैनीताल जनपद अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के बेरीपड़ाव रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित खुरपिया फॉर्म क्षेत्र में बुधवार सुबह एक महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुनसान स्थान पर शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान 50 वर्षीय सुनीता पत्नी स्व. संतपाल निवासी गोलागेट बेरीपड़ाव के रूप में हुई है।



प्रारंभिक जांच में शरीर पर मिले घाव वन्य जीव के हमले की ओर संकेत कर रहे हैं, हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सुनीता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की रहने वाली थी और वर्तमान में अपने परिवार के साथ बेरीपड़ाव क्षेत्र में रह रही थी। परिवार में उसके पांच बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियों का विवाह हो चुका है। जानकारी के मुताबिक सुनीता मंगलवार शाम से घर से लापता थी। परिजन देर रात तक उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार सुबह खुरपिया फॉर्म क्षेत्र में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान सुनीता के रूप में की। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली लाल. कुआं के प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन राणा, हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी अर्जुन नाथ गोस्वामी समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, जबकि साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। जांच के दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ कर जरूरी जानकारी एकत्र की गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी रहस्य बना हुआ है। पुलिस हत्या, आत्महत्या और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और फॉरेंसिक रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।

# 8 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के बाद बुधवार को हल्द्वानी स्थित एनआईसी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों तथा विभिन्न राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक अपर जिलाधिकारी एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने की अध्यक्षता में संपन्न हुई।




बैठक भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) और विभिन्न राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) 8 जून से 7 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य करेंगे। इसके लिए सभी तहसील स्तरों पर गणना प्रपत्रों का वितरण पहले ही किया जा चुका है। बैठक में अधिकारियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी से अवगत कराते हुए बताया गया कि 7 जुलाई तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण (रैशनलाइजेशन) कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बाद 14 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप (आलेख) प्रकाशित किया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद 14 जुलाई से 13 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन संबंधी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके पश्चात 14 जुलाई से 11 सितंबर तक प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद 15 सितंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रशासन ने राजनीतिक दलों से अपेक्षा की कि वे भी मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करें और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एचडी पांडे सहित सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से जली वाइन शॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तिकोनिया स्थित शराब की दुकान और उससे जुड़े गोदाम में लगी भीषण आग के मामले में प्रारंभिक जांच में कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। जांच में पता चला है कि दुकान बंद करने के बाद भी अंदर रखा कॉमर्शियल रेफ्रिजरेटर चालू छोड़ दिया गया था, जिससे शॉर्ट सर्किट होने और आग लगने की आशंका जताई गई है। गौरतलब है कि सोमवार देर रात करीब दो बजे तिको. निया स्थित शराब की दुकान और उसके अवैध गोदाम में अचानक आग भड़क उठी थी। सूचना मिलने पर दमकल और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग विक. राल रूप ले चुकी थी। दमकल कर्मियों को दुकान का शटर काटकर अंदर प्रवेश करना पड़ा और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक दुकान में रखा भारी मात्रा में शराब का स्टॉक और अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस घटना में करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) गौरव किरार ने बताया कि शुरुआत से ही आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा था। विस्तृत जांच और कर्मचारियों से पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि दुकान में बीयर को ठंडा रखने के लिए बड़े कॉमर्शियल रेफ्रिजरेटर का उपयोग किया जाता था, जिसे घटना वाली रात भी चालू छोड़ दिया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि नियमानुसार दुकान बंद करते समय विद्युत आपूर्ति बंद की जानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उल्टा रेफ्रिजरेटर को पूरी रात संचालित रखा गया। अधिका. रियों का मानना है कि लगातार संच. ालन के कारण रेफ्रिजरेटर में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसने आग का रूप ले लिया। अग्निशमन विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहा है और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

# नशा मुक्ति केंद्र से आठ युवक फरार, पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र से आठ युवक कर्मचारियों की आंखों में नींबू और मिर्च का घोल डालकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने व्यापक तलाश अभियान चलाया और सभी युवकों को खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद नशा मुक्ति केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानगरी गौलापार स्थित मंथन नशा मुक्ति केंद्र में विभिन्न स्थानों से आए युवकों को नशे की लत छुड़ाने के लिए भर्ती कराया गया था। इनमें पिथौरागढ़, हल्द्वानी, हल्दूचौड़ व सितारगंज के युवक शामिल थे। सीओ अमित कुमार सैनी ने बताया कि सोमवार को नशा मुक्ति केंद्र के संचालक मोहन सिंह बिष्ट ने पुलिस को सूचना दी कि केंद्र में भर्ती कुछ युवकों ने कर्मचारियों की आंखों में नींबू और मिर्च का घोल डाल दिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कर्मचारी असहज हो गए, जिसका फायदा उठाकर युवक केंद्र की दीवार फांदकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस ने तत्काल सर्च अभियान शुरू किया। पुलिस ने दो युवकों को नशा मुक्ति केंद्र के आसपास से ही पकड़ लिया, जबकि अन्य कुछ युवक दो दिन बाद पकड़ा गया। जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना के बाद नशा मुक्ति केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## मुखानी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**हल्द्वानी।** बुधवार शाम मुखानी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आस-पास लोगों से शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी रखवा दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखानी थाना स्थित ब्लॉक कार्यालय के पास एक अज्ञात व्यक्ति के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना शाम करीब चार बजे मिली थी। सूचना मिलते ही डायल 112 और चीता पुलिस मौके पर पहुंची। अचेत अवस्था में पड़े व्यक्ति को उपचार के लिए पुलिस सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंची जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आस-पास प्रतीत हो रही है। प्रारंभिक पूछताछ में जानकारी मिली है कि वह मजदूरी का कार्य करता था। हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है साथ ही मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# मोबाइल बंद कर सोया, सुबह खाते से उड़ चुके थे ढाई लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़ चुके हैं कि अब बुक माई शो, जोमैटो, अमेजन और एशिया पैसिफिक जैसे लोकप्रिय ऐप भी ठगी का जरिया बन रहे हैं। बनभूलपुरा क्षेत्र में एक युवक के

### बुक माई शो, जोमैटो, अमेजन समेत कई ऐप के जरिए साइबर ठगों ने की लाखों की खरीदारी

साथ ऐसा साइबर फ्रॉड हुआ, जिसने सभी को हैरान कर दिया। युवक रात में मोबाइल फोन बंद कर सोया था, लेकिन सुबह फोन चालू करते ही ओटीपी संदेशों की बाढ़ आ गई। जांच करने पर पता चला कि उसके विभिन्न बैंक खातों और क्रेडिट कार्डों से करीब ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी हो चुकी है। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को तहरीर सौंपी और कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-14 इंदिरानगर नूरी मस्जिद निवासी सलीम अहमद पुत्र नजीर अहमद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती 24 मई की रात वह मोबाइल फोन बंद कर सो गए थे। अगली सुबह मोबाइल चालू करतो ही बड़ी संख्या में ओटीपी के मैसेज आने लगे। जांच करने पर पता चला कि उनके बैंक क्रेडिट कार्ड से बुक माई शो ऐप के जरिए एक लाख रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया। वहीं 31 मई की रात करीब दो बजे उनके अन्य बैंक खातों और कार्डों से भी कई ट्रांजेक्शन की गई। एक बैंक के क्रेडिट कार्ड से जोमैटो ऐप के जरिए से 90 हजार और दूसरे क्रेडिट कार्ड से जोमैटो ऐप के जरिए 10 हजार रुपये निकाले गए। जबकि एशिया पैसिफिक ऐप के जरिए 1,999-1,999 और 13,998 रुपये की ट्रांजेक्शन हुई। इसके अलावा बैंक खाते से दो ट्रांजेक्शन में 29 हजार रुपये जोमैटो तथा 900 रुपये अमेजन के जरिए निकाल लिए गए। दूसरे बैंक खाते से भी अमेजन के जरिए एक हजार रुपये की निकाले। पीड़ित ने कहा कि सभी ट्रांजेक्शन एक ही रात में हुईं। कार्ड से हुई धोखाधड़ी के एसएमएस तो मिले, लेकिन बैंक खातों से निकाली गई रकम की कोई सूचना मोबाइल पर नहीं मिली। बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

## छह माह की गर्भवती महिला की मौत मामले में सास-ननद पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र के दमुवाढूंगा में छह माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में मृतका के भाई ने दोनों पर लगातार मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से चाक बोरा राम मंदिर गंगोलीहाट पिथौरागढ़ व हाल निवासी वार्ड-35 मल्ला प्लाट दमुवाढूंगा निवासी संजय कुमार ने काठगोदाम कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि उनकी बहन 24 वर्षीय मनीषा देवी का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व दमुवाढूंगा निवासी संतोष के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही मनीषा को दहेज और अन्य बातों को लेकर उसकी सास नन्दी देवी और ननद चम्पा मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। कई बार परिवार की ओर से दोनो को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 1 जून की दोपहर ससुराल पक्ष से मनीषा की तबीयत खराब होने और अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी। मायके से लोग अस्पताल पहुंचे तो मनीषा की मौत हो चुकी थी। संजय ने आरोप है कि लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर मनीषा ने यह कदम उठाया। दावा है कि मृतका के मोबाइल फोन में एक वीडियो मिला है, जिसमें उसने अपनी सास और ननद पर प्रताड़ना के आरोप लगाए है। काठगोदाम कोतवाल जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर सास व नंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कर्मचारी हितों की अनदेखी हुई: जगपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश पदाधिकारी रहे जगपाल ने बुधवार को देवभूमि

### देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का दामन थामा




उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली। संगठन में शामिल होने पर पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के हितों की लड़ाई को मजबूती मिलने वाला कदम बताया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद जगपाल ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक स्वच्छकार संघ में रहकर कर्मचारियों की समस्याओं को उठाने का कार्य किया, लेकिन वर्तमान में संगठन कर्मचारियों की मूल समस्याओं के समाधान के बजाय व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता दे रहा है। इसी से क्षुब्ध होकर उन्होंने संघ से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ लगातार सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को शासन और प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठा रहा है तथा उनके समाधान के लिए संघर्षरत है। कर्मचारियों के स मान और अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से उन्होंने संगठन का दामन थामा है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह ने जगपाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। हल्द्वानी शाखा अध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार और प्रदेश उपाध्यक्ष अमरदीप वाल्मीकि ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर जयप्रकाश, रवि चिंडालिया, रोी. हत टांक, विश्वास चौहान, जयपाल, राजेश, राजेश खन्ना, सिद्धार्थ चौहान, शम्मी, प्रमोद सहित संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

# एनएसी स्थापना दिवस समारोह 6 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति कुमाऊं मंडल की बैठक बुधवार को उत्तराखंड परिवहन निगम डिपो परिसर हल्द्वानी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वालिया ने की। बैठक में एफसीआई, उत्तराखंड परिवहन निगम, वन विकास निगम तथा कुमाऊं मंडल विकास निगम सहित विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त ईपीएस-95 पेंशनर्स ने भाग लिया। इस दौरान छह जून को गणपति बैंक्वेट हॉल जगदम्बा नगर में आयोजित होने वाले एनएसी के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि का सम्मान, दीप प्रज्ज्वलन, 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों का अभिनंदन तथा समिति के आंदोलनों में योगदान देने वाले दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके लिए सदस्यों से दिवंगत साथियों के फोटो उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। बैठक में सभी ईपीएस-95 पेंशनर्स से छह जून को समारोह स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की गई। संचालन प्रांतीय समन्वयक जगत सिंह डोबाल ने किया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह अधिकारी, कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष पान सिंह नेगी, ब्रिज मोहन सिजवाली, मोहन सिंह मेहरा, मनमोहन भंडारी, बसंत रहे।

# 'लेखा परीक्षा और आपत्ति निराकरण' विषय पर कार्यशाला

## बिलों के सही प्रस्तुतीकरण और ऑडिट की तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्वविद्यालय के प्रशास. निक एवं अकादमिक ढांचे को अधिक पारदर्शी, कुशल और वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को संस्थागत वित्तीय प्रबंधन बिल प्रस्तुतीकरण, लेखा परीक्षा और आपत्ति निराकरण विषय पर क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन आंत. रिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र (सीआईक्यूए) की ओर से कुलपति की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआईक्यूए के निदेशक प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे ने अतिथियों के स्वागत के साथ किया। उन्होंने कार्यशाला की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए



कहा कि वित्तीय प्रक्रियाओं की बेहतर समझ संस्थान के सुचारु संच. ालन के लिए आवश्यक है। मुख्य वक्ता पूर्व उपनिदेशक स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग इलाहाबाद डा. एके दीक्षित ने बिलों के सही प्रस्तुतीकरण और ऑडिट की तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने अपने संबोधन में वित्तीय साक्षरता और अनुशासन को संस्थान की मजबूती का आधार बताया। उन्होंने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ प्रशासनिक एवं वित्तीय पारदर्शिता भी विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यशाला के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने वित्तीय नियमों, टीए-डीए बिलों तथा क्रय आदेशों से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे। डा. दीक्षित ने सभी जिज्ञासाओं का सरल और विधिक तरीके से समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में सीआईक्यूए के अतिरिक्त निदेशक प्रो. गगन सिंह ने कुलपति, मुख्य वक्ता और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के नियमित शिक्षक, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## उत्तराखंड के खिलाड़ियों का दबदबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में चल रही सातवीं नेशनल यूथ मुए थाई चैंपियनशिप-2026 में मेजबान उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में बढ़त बना ली है। दूसरे दिन के मुकाबलों में उत्तराखंड ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। उत्तराखंड के बाद मेघालय और राजस्थान की टीमों ने आठ-आठ पदक जीतकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हरियाणा छह पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। राज्य के खिलाड़ियों ने रिंग में आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए कई मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। खास बात यह रही कि उत्तराखंड के 16 अन्य खिलाड़ियों ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। ऐसे में गुरुवार को होने वाले फाइनल मुकाबलों में राज्य को और पदकों की उम्मीद है। मुए थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्य आयोजक सतीश जोशी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि दूसरे दिन राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, फिटनेस और आत्मविश्वास के दम पर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। गुरुवार को प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज वर्मा, महासचिव श्रीराम चौधरी, आयोजन सचिव निलेश जोशी, अनुपम महता, सुप्रियो विश्वास, रेफरी कमीशन के चेयरमैन अंजुलस सुन समेत कई खेल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे को लेकर कांग्रेस सेवादल सक्रिय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। अल्मोड़ा, पौड़ी और देहरादून में प्रस्तावित जनसभाओं और कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए संगठन ने अपने स्तर से पूरी रणनीति तैयार कर ली है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुमाऊं मंडल प्रभारी राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल ने बताया कि कल यानि आज गुरूवार को अल्मोड़ा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंच रहे है। राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने जनसभाओं को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल ने कहा कि वर्तमान समय में महंगाई, भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध जैसे मुद्दों के बीच राहुल गांधी का यह दौरा आम जनता के लिए उम्मीद का संदेश लेकर आएगा।



उन्होंने कहा कि यह दौरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य प्रत्येक कार्यक्रम में अनुशासन, समर्पण और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। वहीं प्रदेश मुख्य संगठक हेमा पुरोहित ने राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी भाई देसाई के निर्देशानुसार सभी मंडलों में जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। जारी निर्देशों के तहत अल्मोड़ा जनसभा में कुमाऊं मंडल प्रभारी राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल, प्रदेश महिला संयोजक शोभा जोशी तथा अन्य प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की तैनाती की जाएगी। वहीं पौड़ी जनसभा के लिए प्रदेश महासचिव महेश उनियाल और जिला मुख्य संगठक संजय फौजी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। देहरादून में आयोजित कार्यकर्ता बैठक और जनसभा कार्यक्रम में स्वयं प्रदेश मुख्य संगठक हेमा पुरोहित और गढ़वाल मंडल प्रभारी मनमोहन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। निर्देशों के अनुसार सभी कार्यकर्ताओं को अपने पूर्ण गणवेश में कार्यक्रम शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले स्थल पर उपस्थित रहने और कार्यक्रम समाप्ति तक सक्रिय रहने को कहा गया है।

## जेईई एडवांस परीक्षा में शौर्य को सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया स्कूल के छात्र शौर्य कत्यूरा ने जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। शौर्य की सफलता पर विद्यालय के



प्रधानाचार्य, प्रबंध निदेशक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शौर्य की मेहनत, लगन और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि शौर्य भविष्य में भी अपनी प्रतिभा के दम पर नई ऊंचाइयों को छूते हुए संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# क्लबफुट जन्मजात विकृति: प्रो. गणेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व क्लबफुट दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में क्लबफुट (पैरों की जन्मजात विकृति) से सफलतापूर्वक उपचा. रित बच्चों के अभिभावकों ने थैंक यू पोंसेटी अभियान के तहत चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान अभिभावकों ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, चिकित्सा अधीक्षक और अस्थि रोग विभाग की टीम को धन्यवाद देते हुए बच्चों को नया जीवन देने के लिए सराहना की। अस्थि रोग विभाग के प्रो. गणेश सिंह ने बताया कि विश्व क्लबफुट दिवस हर वर्ष 3 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य क्लबफुट के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रभावी उपचार की पोंसेटी पद्धति की जानक. ारी लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें नवजात शिशु के




पैर अंदर की ओर मुड़े होते है। समय पर उपचार न मिलने पर यह विकलांगता का कारण बन सकती है, जबकि पोंसेटी पद्धति से इसका सफल इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में क्लबफुट की विशेष ओपीडी प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को संचालित की जाती है। अब तक 500 से अधिक बच्चे इस सुविधा का लाभ लेकर सामान्य जीवन की ओर लौट चुके है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ और सक्षम जीवन प्रदान करना है। उन्होंने अभिभावकों से नवजात शिशुओं में किसी भी प्रकार की शारीरिक विकृति दिखाई देने पर तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों से संपर्क करने की अपील की। इस अवसर पर अस्थि रोग विभागाध्यक्ष प्रो. पंकज सिंह, डा. गणेश सिंह, डा. गौरव जिंदल, डा. विभोर, डा. पवन सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने साईकिल रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजु. निवेशन ऑथोरिट के तत्वाधान विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर खेल विभाग व समाज कल्याण विभाग के सहयोग से मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित साईकिल रैली/रेस को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया द्वारा साइकिल रैली/रेस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया व ''जल उत्सव सप्ताह'' (1 जून से 15 जून 2026) का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से पानी को अनावश्यक नुकसान न करने, नदियों, जल स्रोतों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतिभागियों को जल संरक्षण एवं संवर्द्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग कुल 235 प्रतिभागी उपस्थित थे जिसमें से 200 प्रतिभागियों ने साईकिल रेस में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में 6 बालक एवं 6 बालिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसमें से बालक वर्ग में अपूर्व बिष्ट प्रथम, देव समजदार द्वितीय, वेदान्स तृतीय एवं बालिकाओं में पल्लवी प्रथम, नीलम द्वितीय व साक्षी तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इनके साथ ही 3 बालक एवं 3 बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार भेंट स्वरुप दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी नगर, मुख्य कोषाधिकारी डा. पंकज कुमार शुक्ल, सदस्य सचिव सारा/अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने दबोचे पांच वाहन चोर

**11 चोरी की बाइकें बरामद, कई स्थानों से चुराए थे वाहन**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत ऊधमसिंहनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में कोतवाली ट्रांजिट कैम्प और कोतवाली खटीमा पुलिस ने अलग- अलग कार्रवाई करते हुए पांच शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरी के कई मुकदमों का सफल अनावरण हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जनपद में संपत्ति संबंधी अपराधों, वाहन चोरी और संगठित अपराधों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर तथा क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों का संकलन और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर वाहन चोरों की तलाश की जा रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सुनसान स्थानों, बाजारों, जिम, दुकानों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर खड़ी बाईकों की रेकी करते थे। मौका मिलते ही वाहन चोरी कर उन्हें झाड़ियों, कच्चे रास्तों और सुनसान क्षेत्रों में छिपाकर रखते थे। बाद में इन वाहनों को कम कीमत पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस को दो जून को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गणेशपुर रोड स्थित एक खंडहर के पास मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तीन युवकों को एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की कई अन्य घटनाओं में भी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर झाड़ियों में छिपाकर रखी गई पांच अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार बरामद मोटरसाइकिलें कोतवाली ट्रांजिट कैम्प में दर्ज एफआईआर तथा थाना पंतनगर क्षेत्र से संबंधित पाई गई हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन पाल पुत्र गिरधारी लाल निवासी कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैम्प, अरुण पुत्र महेंद्र पाल निवासी विवेक नगर ट्रांजिट कैम्प तथा आशीष श्रीवास्तव पुत्र उदयवीर श्रीवास्तव निवासी ठाकुर नगर ट्रांजिट कैम्प के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित मुकदमों में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से हीरो स्प्लेंडर, हीरो एचएफ डीलक्स और पैशन प्रो समेत छह मोटरसाइकिलें तथा खटीमा क्षेत्र से यामाहा आरएक्स, हीरो स्प्लेंडर, टीवीएस स्पोर्ट सहित कुल पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद सभी वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस टीमों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहारष के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा। वाहन चोरी, संगठित अपराध और संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** मंगलवार देर रात्रि गूलरभोज क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क किनारे पैदल जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोपा लालसिंह गूलरभोज निवासी 50 वर्षीय होरी सिंह पुत्र स्व. विशन सिंह के माता पिता का पूर्व में निधन हो चुका है और उसकी बहन विवाह के बाद ससुराल में रह रही है। होरी लाल अविवाहित होने कारण घर में कई वर्षों से अकेला ही रह रहा था। बताया जाता है कि होरी लाल आज मध्य रात्रि घर से घूमने के लिए निकला।

जब वह कालोनी नम्बर दो के पास पहुंचा तो तेज गति से आते अज्ञात वाहन ने उसे जोर से टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राह गुजरते लोगों ने जब होरीसिंह को लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी उसके परि. जनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर परिजनों के साथ पुलिसकर्मी भी आ गये।

होरी सिंह को चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर रूद्रपुर में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इधर पूर्व प्रधान नैन सिंह, प्रेम सिंह, रूप सिंह व पूर्व उप प्रधान मनोज देवराड़ी ने क्षेत्र में खनन सामग्री लेकर अनियंत्रित गति से चलने वाले डम्परों पर प्रशासन से रोक लगाने की मांग की है।

# डा. एमके तिवारी बने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** जिला अस्पताल में वरिष्ठ फिजिशियन डा. एमके तिवारी ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (CMS) का पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के साथ ही उन्हें अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद डा. तिवारी ने कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने अस्पताल में उपचार व्यवस्था, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने की बात कही। डा. तिवारी लंबे समय से चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और एक अनुभवी फिजिशियन के रूप में उनकी पहचान है।

उनके नेतृत्व में जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने भी नए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक का स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में बेहतर समन्वय और जनहितकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का विश्वास व्यक्त किया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी डा. तिवारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# राज्य कर अधिकारी बनने पर उत्कर्ष नेगी का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर राज्य कर अधिकारी बनने पर श्री लक्ष्मण नेगी के सुपुत्र उत्कर्ष नेगी को क्षेत्र के जनप्रति. निधियों एवं गणमान्य लोगों ने बधाई दी। बुधवार को गदरपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द पाण्डेय तथा दर्जा राज्य मंत्री बलराज पासी ने नेगी परिवार के आवास पर पहुंचकर उत्कर्ष नेगी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर दोनों नेताओं ने उत्कर्ष नेगी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, समर्पण और लगन से प्राप्त यह उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्कर्ष नेगी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रदेश और समाज का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान परिवारजनों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी उत्कर्ष नेगी को बधाई देते हुए उनके सफल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर भाजपा नेता सेवानिवृत्त मेजर सिंह, मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम पाण्डेय, दिनेशपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल, भाजपा नेता बबलू सक्सेना, तजिंदर सिंह चीमा, केपी सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# गन्ना आयुक्त ने किया औचिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गन्ना आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग उत्तराखंड ने क्षेत्र की एकमात्र चीनी मिल नादेही में पहुंचकर चीनी मिल क्षेत्र के मांडवाखेड़ा,भगवन्तपुर, भूड फॉर्म आदि ग्रामों में गन्ना सर्वेक्षण की जांच की।

बुधवार के रोज गन्ना आयुक्त ने चीनी मिल नादेही के गन्ना क्षेत्र के ग्रामों का औचिक निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने मौके पर मोजूद गन्ना कृषकों से संबंधित रोगों पैदावार और चीनी मिल द्वारा कृषकों को उपलब्ध की जा रही सुविधाओं के विषय में विस्तार से वार्ता की। कृषकों को द्वारा पूर्व में गन्ने की पैदावार कम होने का कारण बीमारी का लगना बताया गया। इस अवसर पर गन्ना आयुक्त ने मौके पर ही ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ऊदल सिंह,गन्ना विकास निरीक्षक जगतवीर चौधरी,प्रियंका,और गन्ना पर्यवेक्षकों को सर्वेक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए मीडिया से वार्ता करते हुए गन्ना आयुक्त ने बताया कि गाने की पैदावार बढ़ाने के लिए चीनी मिलों द्वारा भरकस प्रयास किया जा रहे हैं चीनी मिल,गन्ना विकास विभाग और सरकार द्वारा गन्ना कृषकों के खेत दर खेत जाकर गन्ने की बीमारी पैदावार बढ़ाने हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है जिससे भविष्य में गन्ने की बेहतर फसल उपलब्ध कराई जा सके।

# अंजलि बनीं सहायक नगर आयुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी की पूर्व छात्रा रही अंजलि चंद ने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक नगर आयुक्त पद हासिल किया है। वर्तमान में अंजलि खंड शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा के पद पर कार्य हैं।

पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशिका सुरेंद्र कौर हैप्पी ने अंजलि की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा की नोजगे विद्यालय अपने विद्यार्थियों के न केवल शैक्षिक उत्कृष्ट बल्कि उन्हें एक लक्ष्य प्राप्त करने की भी प्रेरणा देता है। अंजलि की सफलता को वियद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए उन्होंने विद्यालय के मूल्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण बताया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमचंद्र पंत ने अंजलि को बधाई देते हुए कहा है कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और समर्पण भाव से प्राप्त हुई है अंजलि की सफलता ने विद्यालय ही नहीं बल्कि क्षेत्र को भी गौरवानित किया है।

# डा. बीआर पे बैक टू सोसाइटी ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में डॉक्टर बी आर अंबेडकर के बैक टू समिति के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आवेदन किया गया।



इस मौके पर समिति द्वारा पत्रका. रिता के क्षेत्र में निष्पक्ष और निर्भीक रूप से उल्लेखनीय कार्य कर रहे पत्रकारों को सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने कलम, प्रशस्ति पत्र तथा मिष्ठान भेंट कर खटीमा के पत्रकारों का गौरव बढ़ाया। वहीं सोसाइटी के अध्यक्ष कपिल देव, मीना देवी, मनीषा देवी, तथा नगीना प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार अपने पत्रकारिता के माध्यम से समाज की ज्वलंत समस्याओं को निर्भीकता से उठाने तथा लोकतंत्र के मूल्यों को की रक्षा करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। उत्तराखंड मीडिया क्लब के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा, महामंत्री गोरख नाथ, मीडिया कोऑर्डिनेटर ईस्त्याक अंसारी, गगन सिंह, डॉ उत्तम कुमार तथा शंकर पलियाल आदि ने अपने विचार व्यक्त कर अन्य पत्रकार साथियों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया। महामंत्री गोरख नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार जनता और सरकार के बीच में सेतु का कार्य करता है। इसलिए जनहित के मुद्दों को ईमानदारी और प्रमुखता से उठाने का कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. उत्तम कुमार ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार यूनियन के संरक्षक हीरा राजपूत, मुस्तकीम मालिक, परमजीत सिंह पम्मा, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, सपन रॉय आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय भाषा समर कैंप सम्पन्न

**बाल मेला एवं सामुदायिक सम्मेलन आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक के तहत विद्यालयी शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नमूना में आयोजित सात दिवसीय भाषा समर कैंप का समापन खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र यादव द्वारा किया गया ।



इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भारतीय भाषा ग्रीष्म कालीन शि. विर से संबंधित विभिन्न आयामों पर बात चीत किया गया। बच्चों द्वारा निर्मित की गई पोस्टर प्रदर्शनी जिसमें घुघुतिया त्यौहार ,स्थानीय लोक संस्कृति ,लोक गीत ,लोक नृत्य कुमाउनी पहाड़ी सॉन्ग बुक्सा जनजाति परिवार का इतिहास , उत्तराखंड का मानचित्र आदि से संबंधित पोस्टर ,मॉडल ,कहानी कविता शब्द कोश एवं बच्चों की तमाम रचनाओं की प्रदर्शनी को जब समुदाय के माता पिता देखे तो बेहद खुश हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बाजपुर द्वारा सरकारी स्कूलों में आयोजित किए गए भाषा समर कैंप और तमाम जानकारियों को साझा किया गया उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में नि: शुल्क शिक्षा है सुयोग्य शिक्षकों द्वारा अवकाश समय में इस तरह का विशेष आयोजन किया गया है, जिसके बारे में आप समुदाय के लोगों ने खुद बताया है। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के डा. विजय पांडेय,दीवान सिंह बिष्ट,हेमलता ने अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन मधु रानी एवं मिनी सैनी द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरसी को आर्डिनेटर अवतार सिंह ,ब्रजेश कुमार राधा शर्मा ,बिमला पाठक आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा ।

# नहर में गिरे युवक को सुरक्षित निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** फायर स्टेशन रामनगर में मंगलवार देर रात सूचना प्राप्त हुई कि चोरपानी चौराहा, कनिया नहर में एक व्यक्ति अनीस अहमद पुल पर बैठा था अचानक नहर में गिर गया। फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि उक्त सूचना के आधार पर फायर स्टेशन रामनगर से फायर यूनिट तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंच कर देखा तो वह व्यक्ति नहर के अन्दर गिरा हुआ था जो किनारे पर अटक गया था। उन्होंने बताया कि तुरन्त रस्सी के सहारे फायर स्टेशन टीम के नरेंद्र मेहता और विपिन कुमार ने जैकेट पहन कर नहर में उतरे। पीड़ित व्यक्ति को कड़ी मेहनत के बाद नहर से बाहर सुरक्षित निकाला गया।लोगों द्वारा फायर यूनिट की इस कार्यवाही की प्रशंसा की गई। इस दौरान फायर स्टेशन टीम में अर्जुन सिंह नेगी,भोपाल सिंह मेहता,नरेन्द्र मेहता, विपिन कुमार, पुष्कर पाल, सुखदेव सिंह राणा, शम्भु गिरी, अजीत सिंह शामिल रहे।

# उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि का बाजपुर में हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि के बाजपुर आगमन पर नगर पालिका परिषद परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिशासी अधिकारी एवं तहस. ीलदार प्रताप सिंह चौहान सहित सफाई कर्मचारियों और कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

आयोग के सदस्य नितिन चरन वाल्मीकि ने कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज और नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं तथा उनके हितों की रक्षा आयोग की प्राथमिकता है। इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, बाजपुर अध्यक्ष सुरेश कुमार लाला, महामंत्री मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार मिल्ले, उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चन्द्रजीत प्रेमी, अभिषेक कुमार, नगर पालिका परिषद बाजपुर के अधिष्ठान लिपिक संतोष कुमार, स्टोर कीपर सीताराम तिवारी, अनिल कुमार, राजेश कुमार, रजनीश, आकाश, रोहित सहित अनेक कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पेयजल आपूर्ति सुचारू करवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** बुधवार को उत्तराखण्ड समाज कल्याण योजनायें अनुश्रवण समिति के सदस्य आशीष ठाकुर ने एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को पत्र सौंपकर कहा है कि कहा है कि ग्राम चकरपुर की टावर कॉलोनी में हर घर जल हर घर नल योजनांतर्गत 17 परिवारों के पेयजल कनैक्शन तो हुए है, परंतु किसी भी नल में जल नहीं आ रहा है। जिससे ग्रामीण परेशान है। उन्होंने एसडीएम से ग्राम चकरपुर की टावर कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति सुचारू करवाने की माँग की है।

### बाजपुर को सुंदर, स्वच्छ व विकसित बनाना ही मुख्य लक्ष्य: गित्ते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद बाजपुर के अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने बुधवार को वार्ड संख्या 6, 11 एवं 12 में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ टाइल्स रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाजपुर को सुंदर, स्वच्छ और विकसित नगर बनाना उनकी प्राथमिकता है तथा जनभावनाओं के अनुरूप प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।



चेयरमैन गित्ते ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पालिका लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्षाकाल में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर के सभी नालों एवं नालियों की वर्षा ऋतु से पूर्व तलीझाड़ सफाई कराई जा रही है, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे।उन्होंने यह भी बताया कि लेबड़ा नदी एवं हाथी चिंघाड़ नदी की सफाई के लिए उनके द्वारा कमिश्नर एवं जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पालिका प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी जनहित के अनेक कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान सभासद जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी, सभासद प्रतिनिधि मौ. आसिफ, प्रवेश जैन, हर्ष जैन, जयराम सिंघल, संजय गोयल, तरसेम गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** विधानसभा रुद्रपुर का बंसतीपुर क्षेत्र जिस गांव की स्थापना 1952 मे हुई थी तब से आज तक यहां के लोग इस गांव की जल् निकासी की समस्या से त्रस्त थे। हर बरसात में जल भराव के कारण लोगों का चलना मुश्किल होता था। सबसे ज्यादा स्कूल जाने वाले बच्चों को कठिनाई का समानता करना पड़ता था। इस गंभीर समस्या को विधायक शिव अरोरा ने 25 लाख की लागत से जल निकासी हेतु आधा किलोमीटर नाली निर्माण के कार्य का नारियल फोड़ शिलान्यास किया। इस अवसर पर बसंतीपुर क्षेत्र के लोगो ने खुशी का इजहार करते हुऐ विधायक का फूलमालाओ से स्वागत किया।

इस दौरान विधायक ने कहा 70 सालों से जल निकासी जैसी गंभीर समस्या को झेल रहे बसंतीपुर क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह 25 लाख की लागत से आधा किलोमीटर नाली निर्माण से यहां हर वर्ष बरसात के समय जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। इस दौरान गदरपुर ब्लॉक प्रमुख पति प्रति ग्रोवर मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, अजितेश पाइक, मनोज मिस्त्री, मनोज मंडल, अर्जुन कुमार, भोला, इंद्रपाल चौधरी, अरविन्द कुमार, विजय प्रसाद, प्रदीप, मुकेश आदि लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांगजनों को मिले नि:शुल्क सहायक उपकरण


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विकासखंड में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान दिव्यांगजन भाइयों एवं बहनों को एडिप योजना के अंतर्गत नि:शुल्क सहायक उपकरण एवं मोटर व्हीकल वितरित किए गए।



संबोधित करते हुए राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान एवं कल्याण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुविधा, सम्मान एवं अधिकार पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान विकासखंड अधिकारी शेखर जोशी, मोहन पाल,यशपाल, टिंकू, कन्नू जोशी, आशीष ठाकुर, लक्ष्मी, वीरेंद्र बिष्ट, शुभम पांडेय सहित अनेक गणमान्य एवं सम्मानित जन उपस्थित रहे।

### चीनी मिल नादेही के प्रधान प्रबंधक बने राजवीर चौधरी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र की एकमात्र सहकारी चीनी मिल नादेही में वर्तमान में कार्यरत चीफ केमिस्ट राजवीर सिंह चौधरी को प्रधान प्रबंधक के पद पर नियुक्त किया गया है विदित हो कि चीनी मिल नादेही में प्रधान प्रबंधक के पद पर नियुक्त चन्द्र सिंह इमलाल दिनांक 31 मई 2026 को पद से सेवानिवृत हो गए हैं उसके पश्चात से प्रधान प्रबंधक का पद खाली चल रहा था राजवीर चौधरी के प्रधान प्रबंधक बनने से कर्मचारियो जन प्रतिनिधियों व कृषक नेताओं ने मिलकर उन्हें उनके प्रधान प्रबंधक बनने पर बधाइयां दी।

### आस्था अग्रवाल को चेयरमैन और सभासदों ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड राज्य में पीसीएस परीक्षा के वित्त विभाग में प्रदेश भर में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा आस्था अग्रवाल को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी के तहत नगर पालिका परिषद, रामनगर के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम एवं सभासदों ने आस्था अग्रवाल के निवास स्थान पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ देकर उन्हें और उनके परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम और जनप्रतिनिधियों ने आस्था अग्रवाल, उनकी माता दीपा अग्रवाल और पिता विजय अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि आस्था ने अपनी कड़ी मेहनत से पूरे रामनगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जो सभी के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान पालिक. ाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, सभासद पारस गोला, तनुज दुर्गापाल, खष्टी नंदन जोशी, सभासद प्रतिनिधि हेमंत बिष्ट आदि शामिल रहे।



# दूरस्थ नामिक गांव पहुंचे जिलाधिकारी

**विद्यार्थियों के साथ किया मध्याह्न भोजन, जानी जनता की समस्याएं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्र स्थित नामिक ग्राम के भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय नामिक एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नामिक का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) ग्रहण किया तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण मानकों का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं, पेयजल, शौचालय, खेल सामग्री तथा मिड डे मील व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास और सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, विद्यालयों में स्वच्छ एवं प्रेरणादायी वातावरण बनाए रखने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के समक्ष क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएं एवं मांगें रखीं।

इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए स्थानीय नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान हेतु पूर्ण संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु नौगांई, खंड शिक्षा अधिकारी मुनस्यारी दिकम्बर लाल आर्य, खंड विकास अधिकारी मुनस्यारी नेहा कुमारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड का बताने वाला 10 वर्षीय बालक बिहार पुलिस को मिला, पहचान कराने की अपील

**एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की पहल, बच्चे के परिजनों की तलाश जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** बिहार पुलिस को एक लगभग 10 वर्षीय बालक मिला है, जिसकी पहचान अंश कुमार पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान बालक स्वयं को उत्तराखंड का निवासी बता रहा है, लेकिन अभी तक उसके परिजनों अथवा सही पते की पुष्टि नहीं हो सकी है।



मामले को गंभीरता से लेते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल बनबसा चंपावत द्वारा बच्चे की पहचान और उसके परिवार तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस एवं संबंधित विभागों ने आमजन से सहयोग की अपील की है।यदि किसी व्यक्ति को इस बालक के संबंध में कोई जानकारी हो या वह इसके परिवार को जानता हो, तो तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन अथवा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल से संपर्क करें, ताकि बच्चे को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों तक पहुंचाया जा सके। अधिकारियों ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और सोशल मीडिया समूहों से अनुरोध किया है कि बच्चे का फोटो अधिक से अधिक साझा करें, जिससे उसकी पहचान शीघ्र हो सके और वह अपने परिवार से मिल सके।

## एक नजर

### बाइक और कार की टक्कर में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के गोस्वामी ढाबा के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सूरज मंडल (पुत्र साधन मंडल) खटीमा से बाइक पर गैस सिलेंडर लेकर अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक बाइक और सिलेंडर का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सामने से आ रही कार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सूरज गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गए। आनन-फानन में उन्हें खटीमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके का माहौल गमगीन है।

### डा. शाहीन की ओपीडी सेवाओं पर दो माह के लिए लगाया प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल द्वारा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) डा. शाहीन को कदाचार का दोषी पाए जाने पर उनकी ओपीडी सेवाओं पर दो माह के लिए प्रतिबंध लगाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल द्वारा प्रेषित आदेश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर को भी निर्देशित किया गया है कि उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संबंधित चिकित्सक एवं संस्थान को परिषद के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही आदेश के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सकीय नैतिकता एवं मरीजों के हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा कदाचार पाए जाने पर सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### निर्वाचन नामावलियों का पुनरीक्षण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 01 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरी तरह त्रुटिरहित, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में द्वितीय चक्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम विधानसभा रुद्रपुर, नानकमत्ता व काशीपुर में आयोजन किया गया।

बुधवार को विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर का जिला सभागार में एसएलएमटी उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, डीएलएमटी विनय कुमार द्वारा बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, पदाभिहित अधिकारियों एवं आईटी कार्मिकों को तीन पालियों में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो भी जानकारिया दी जा रही है, उसे अच्छी तरह समझ ले ताकि फिल्ड में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होने कहा कि यदि कोई चीज समझ में नही आ रही है जो प्रशिक्षण के दौरान ही ट्रेनरों से पुरी जानकारी प्राप्त कर लें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/तहसीलदार दिनेश कुटौला पदविहीत अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी एवं आईटी कार्मिक आदि उपस्थित थे।

### चम्पावत जिला पंचायत के अनिल जोशी बने एएमए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चम्पावत।** चम्पावत जिला पंचायत को नया अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) मिल गया है। उधम सिंह नगर स्थानांतरित हुए एएमए कमलेश बिष्ट के स्थान पर बागेश्वर से स्थानांतरित होकर आए अनिल जोशी ने मंगलवार को अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

अनिल जोशी का चम्पावत से पुराना नाता रहा है। वह वर्ष 2011-12 में जिला पंचायत चम्पावत में अवर अभियंता के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। क्षेत्रीय परिस्थितियों और विभागीय कार्यप्रणाली की अच्छी समझ रखने वाले जोशी की पहचान विभाग में एक मेहनती, सक्रिय और परिणाम देने वाले अधिकारी के रूप में की जाती है। जिला पंचायत में उनकी तैनाती को विकास कार्यों के लिए सकारात्मक माना जा रहा है। कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को उम्मीद है कि उनके अनुभव और कार्यशैली से पंचायत के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। वहीं, निवर्तमान एएमए कमलेश बिष्ट का स्थानांतरण उधम सिंह नगर हो गया है। उन्होंने करीब एक वर्ष तक चम्पावत जिला पंचायत में सेवाएं दीं। अब जिले की विकास योजनाओं और पंचायत प्रशासन की जिम्मेदारी अनिल जोशी के कंधों पर होगी।

### चम्पावत में सहकारिता संचालकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** ग्रामोत्थान परियोजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चम्पावत ब्लॉक सभागार में नैतिकता, सुशासन और नेतृत्व क्षमता विकास विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अशोक अधिकारी ने किया और प्रतिभागियों से समुदाय आधारित संस्थाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं प्रभावी नेतृत्व को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने सहकारिता एवं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की कार्यप्रणाली, गठन प्रक्रिया, संचालन और संचालकों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत जानकारी दी। जिला परियोजना प्रबंधक ममराज चौहान ने सुशासन के मूल सिद्धांतोंख्रपारदर्शिता, ईमानदारी, जवाबदेही और भ्रष्टाचार नियंत्रणख्रपर चर्चा करते हुए बेहतर संस्थागत प्रबंधन के लिए प्रेरित किया। आरबीआई इन्क्यूबेशन मैनेजर पंकज बिष्ट ने डिजिटल मार्केटिंग, लाइसेंस प्रक्रिया और बैंक ऋण योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में छह स्वायत्त सहकारिताओं और बालेश्वर एफपीओ के 46 संचालक एवं कर्मचारी प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में आजीविका मिशन की टीम ने सहयोग दिया।

### पीसीएस परीक्षा में रुद्रपुर का नाम रोशन करने वाली जसमीत कौर का ठुकराल ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रूद्रपुर का नाम रोशन करने वाली होनहार जसमीत कौर को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उनके आवास पहुंचकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने जसमीत कौर और उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सम्मान स्वरूप जसमीत कौर को गणेश जी की प्रतिमा भेंट की तथा उन्हें शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जसमीत कौर ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे रुद्रपुर और ऊधमसिंहनगर जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जसमीत कौर की उपलब्धि यह साबित करती है कि छोटे शहरों के युवा भी अपनी प्रतिभा के दम पर बड़ी सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जसमीत भविष्य में भी अपने कार्यों से प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर जसमीत कौर के पिता सरदार जसवंत सिंह पाहवा, माता मनप्रीत कौर, भाई सहजपाल सिंह पाहवा सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यहां क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता चौधरी, अंकित बठला, सुनील चुघ, ललित बिष्ट, गुरमीत कौर, अमन सिंह पाहवा, प्रेम कौर, मलकीत सिंह, इन्द्रजीत कौर, गुरूचरण सिंह, बचन कौर, करनैल सिंह, मनप्रीत कौर, परमवीर सिंह आदि मौजूद थे।



# एलायंस क्लब की पहल, तीसरे दिन भी चला नशा उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एलायंस क्लब द्वारा आज घनश्याम अग्रवाल के संयोजन में स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत कार्यक्रम के मुहिम को गति प्रदान करते हुए नशा उन्मूलन हेतु जागरूकता संकल्प लिया गया और रेलवे स्टेशन, पुरानी तहसील,खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय,लोक निर्माण विभाग के परिसर एवं कार्यालय, भारत गैस एजेंसी कार्यालय पर तंबाकू और धूम्रपान निषेध के फ्लेक्स, स्टिकर और पम्पलेट चिपकाये गए। साथ ही उपस्थित लोगों को नशा के दुष्परिणाम को भी बताया गया।



मुलाकात में नगरपालिका अध्यक्ष रामू जोशी ने कहा कि एलायंस क्लब खटीमा द्वारा चलाया जा रहा यह मुहिम निश्चित रूप से समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगाष वहीं अध्यक्ष मनोज कन्याल का कहना है कि नशा तन, मन, धन सर्वस्व का नाश करता है।

एलायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेन्द्र पारूथी के संरक्षण में संयोजक अलॉय घनश्याम अग्रवाल,सचिव बादल सक्सेना, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, डॉ महेन्द्र प्रताप पाण्डेय,दीपक चंद, राशिद अंसारी,राहुल शर्मा, मो आमिल, विनीत गुप्ता, गुरुपवन कौरा आदि ने इस पुनीत कार्यक्रम को गति प्रदान की।एलायंस क्लब द्वारा आज तीसरे दिन हुआ यह कार्यक्रम जनता के लिए आकर्षण का केंद्र रहा और लोगों में संदेश देने का कार्य किया।

# टनकपुर पावर स्टेशन ने रचा नया कीर्तिमान

**बढ़ते जलस्तर के साथ तेज हुई बिजली उत्पादन की रफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा/चंपावत।** उत्तराखंड की ऊर्जा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाले एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन ने चालू वित्तीय वर्ष के शुरुआती दो महीनों में ही उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 52 मिलियन यूनिट से अधिक विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से आने वाले दिनों में उत्पादन में और अधिक बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है।



पावर स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि टनकपुर पावर स्टेशन को वर्ष 2026-27 के लिए 452.19 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की दिशा में स्टेशन ने शानदार शुरुआत करते हुए 1 अप्रैल से 1 जून तक 52.368 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर लिया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नदी में जल प्रवाह कम होने के कारण केवल दो टरबाइनों के माध्यम से लगभग 50 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा था, लेकिन अब नदी में जलस्तर बढ़ने लगा है, जिससे जून के बाद तीनों टरबाइनों का पूर्ण संचालन संभव होगा। इसके बाद प्रतिदिन 90 से 99 मेगावाट तक बिजली उत्पादन किए जाने की संभावना है।

वर्तमान में नदी में लगभग 11 हजार क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है, जिससे पावर स्टेशन की उत्पादन क्षमता लगातार मजबूत हो रही है। टनकपुर पावर स्टेशन की एक और विशेषता यह है कि यहां उत्पादित कुल बिजली का 12 प्रतिशत हिस्सा उत्तराखंड राज्य को निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है, जिससे प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।

# पार्थ के जिला कमांडेंट होमगार्ड बनने पर खटीमा में खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** दंत चिकित्सक डॉ उत्कर्षा पांडे पुत्री जगदीश चंद्र पांडे खटीमा गवर्नमेंट कांट्रेक्टर के पति बरेली निवासी पार्थ पांडे ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग यूकेपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिला कमांडेंट होमगार्ड का पद हांसिल किया है। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है ।



पार्थ वर्तमान में कोलकाता स्थित सेंचुरी प्लाईवुड इंडिया लि में मैनेजर सीएसआर हैं। पार्थ की प्रारंभिक शिक्षा बरेली से हुई थी। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में इंजीनियरिंग व अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया। इसके पिता इफको के जीएम पद से सेवानिवृत्त एवं माता सरकारी विद्यालय में शिक्षिका हैं । उनके बड़े भाई एमबीबीएस बेस अस्पताल में सेवा दे रहे हैं।

# आदि कैलाश-ओम पर्वत यात्रा को लेकर बढ़ा उत्साह

**मात्र 33 दिनों में जारी हुए 30 हजार से अधिक इनर लाइन परमिट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में स्थित पवित्र आदि कैलाश एवं ओम पर्वत यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं और पर्यटकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यात्रा सीजन के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक जनपद पहुंच रहे हैं।

वर्ष 2026 में अब तक कुल 30,016 इनर लाइन परमिट जारी किए जा चुके हैं। केवल 02 जून 2026 को 1,178 परमिट जारी किए जाने के साथ ही ये आंकड़ा 30,016 पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि आदि कैलाश-ओम पर्वत यात्रा का शुभारंभ 01 मई 2026 को जोलीकोंग स्थित पार्वती कुंड के समीप शिव मंदिर के कपाट खुलने के साथ हुआ था। यात्रा प्रारंभ होने के मात्र 33 दिनों के भीतर 30 हजार से अधिक परमिट जारी होना श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था एवं यात्रा की लोकप्रियता को दर्शाता है। तुलना करें तो वर्ष 2024 में कुल 29,352 तथा वर्ष 2025 में कुल 36,526 इनर लाइन परमिट जारी किए गए थे। ऐसे में चालू वर्ष में शुरुआती अवधि में ही प्राप्त आंकड़े यात्रा के प्रति अभूतपूर्व आकर्षण का संकेत दे रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, इस वर्ष 1 से 31 मई तक एक महीने की अवधि में देश के विभिन्न राज्यों से रिकॉर्ड लगभग 28 हजार श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों ने आदि कैलाश एवं ओम पर्वत की यात्रा की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 150 प्रतिशत से अधिक वृद्धि को दर्शाता है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि आदि कैलाश यात्रा सीमांत क्षेत्र के लोगों के लिए स्थानीय रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभरी है। इस यात्रा से पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है तथा भारत-चीन और भारत-नेपाल सीमा से लगे सीमावर्ती गांवों में रोजगार के अवसर सृजित होने से पलायन की प्रवृत्ति को कम करने में भी सहायता मिली है।

## समर कैंप में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप एवं भाषा समर कैंप का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। समापन समारोह में पहुंचे गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। यहां प्रधा. डॉ. मधुसूदन मिश्र, श्याम बहादुर सिंह, श्रवण कुमार गिरी, नमिता मंडल, गंगा बिष्ट, राजकुमार अरोरा, रविंद सिंह, संतोष कुमार टम्टा, मनोज पांडेय, डॉ. रंजना दुबे आदि थे।

# आईएमपीसीएल फैक्ट्री के निजीकरण के खिलाफ हल्लाबोल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मोहान स्थित इंडियन मेडिसिन्स फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड फैक्ट्री के निजीकरण के खिलाफ चल रहा कर्मचारियों का आंदोलन अब और तेज हो गया है।युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुमित लोहनी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरने में शामिल होकर कर्मचारियों को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

धरने को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुमित लोहनी ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो फैक्ट्री लगातार मुनाफे में चल रही थी उसे बेचने का सरकार का फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे साफ साबित होता है कि सरकार को जनता और कर्मचारियों के हित से कोई सरोकार नहीं है, वह सिर्फ अपना फायदा देख रही है। कर्मचारियों और श्रमिकों को पूंजीपतियों और निजी हाथों में सौंपने के इस खेल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यह लड़ाई सिर्फ फैक्ट्री के कर्मचारियों की नहीं, बल्कि उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य और उनके स्वाभिमान की है।अगर सरकार ने निजीकरण का यह तानाशाही फैसला जल्द वापस नहीं लिया और अपनी नीति साफ नहीं की, तो आने वाले दिनों में एक बड़ा और उग्र आंदोलन खड़ा किया जाएगा । इस दौरान युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्षघविकास कुमार, अमित कुमार, अमित पाल सिंह रावत, दीपक रावत,भानु आर्य, महेश कुमार सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और फैक्ट्री के कर्मचारी शामिल रहे।

# मायावती अस्पताल के युवा दंत चिकित्सक की मौत

**14 फीट गहरी बाड़ीगाड़ में गिरने से गई डॉ. जोशी की जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** चम्पावत जनपद के बाड़ीगाड़ क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया। मायावती अस्पताल में कार्यरत युवा दंत चिकित्सक डॉ. लोकेश जोशी (40) की हादसे में मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद जहां परिवार और परिचितों में शोक की लहर है, वहीं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं, विशेषकर 108 एंबुलेंस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं।



जानकारी के अनुसार मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी डॉ. लोकेश जोशी अपनी पत्नी डॉली जोशी और इकलौती पुत्री के साथ बाड़ीगाड़ क्षेत्र में किराये के मकान में रहते थे। गत रात वह स्कूटी से घर पहुंचे। वाहन खड़ा करने के बाद जैसे ही वह अपने कमरे की ओर बढ़े, अंधेरा और सुरक्षा रेलिंग का अभाव उनकी जिंदगी पर भारी पड़ गया। संतुलन बिगड़ने से वह करीब 14 फीट गहरी बाड़ीगाड़ में जा गिरे। कुछ समय तक घर नहीं पहुंचने पर उनकी पत्नी उन्हें खोजने बाहर निकलीं। तलाश के दौरान डॉ. लोकेश नीचे गिरे हुए दिखाई दिए। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कठिन प्रयासों के बाद उन्हें बाहर निकाला गया। तत्काल 108 और 112 सेवाओं को सूचना दी गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक 112 की टीम तो शीघ्र मौके पर पहुंच गई, लेकिन गंभीर रूप से घायल डॉ. जोशी को लेकर जा रही 108 एंबुलेंस रास्ते में ही खराब हो गई। हालात ऐसे बने कि लोगों को घायल चिकित्सक को चादर में लपेटकर अन्य साधनों से लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाना पड़ा। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# डीएम दरबार पहुंचे बगौटी और डूंगरालेटी क्षेत्र के ग्रामीण

**मांगों को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नेपाल सीमा से सटे बगौटी और डूंगरालेटी क्षेत्र के ग्रामीणों ने लंबे समय से उपेक्षित विकास संबंधी समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया। क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण पांडे के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी मनीष कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र के समग्र विकास हेतु 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।



प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि सीमा से जुड़े गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं और विकास योजनाओं से अपेक्षित लाभ नहीं प्राप्त कर सके हैं। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए इनके शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रवीण पांडे ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बगौटी और डूंगरालेटी क्षेत्र के लोग वर्षों से कई मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनके समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल की आवश्यकता है।

ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने आश्वस्त किया कि मांगपत्र में शामिल सभी वास्तविक और जनहित से जुड़े मुद्दों का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के जीवन को सुगम बनाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# पीलिया से एक किशोर की मौत सात बच्चे निजी अस्पतालों में भर्ती

**पूरे गांव में करीब 40 बच्चों में बताए जा रहे हैं बीमारी के लक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** क्षेत्र के नयागांव में पीलिया से एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। वहीं सात बच्चे निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। पूरे गांव में करीब 40 बच्चों में बीमारी के लक्षण बताए जा रहे हैं, जिनका निजी अस्पतालों समेत अन्य शहरों में उपचार चल रहा है।

नयागांव की ग्राम प्रधान मैसरजहां ने बताया कि गांव में 40 से अधिक बच्चे बुखार से पीड़ित हैं। बुखार के साथ सीने में दर्द की शिकायत भी सामने आ रही है। जांच में कई बच्चों में पीलिया के लक्षण मिले हैं। इसी बीमारी से ग्रसित 15 वर्षीय अल्तमस पुत्र इश्तकार की दिल्ली में मंगलवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, अल्तमस पहले बुखार से पीड़ित था। सितारगंज की एक निजी लैब में जांच कराने पर पीलिया की पुष्टि हुई। इसके बाद पिता ने उसका रुद्रपुर के दो निजी अस्पतालों में उपचार कराया। हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली ले जाया गया था।

इश्तकार की एक बेटी भी पीलिया से पीड़ित है, जिसका रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। ग्राम प्रधान मैसरजहां और उनके पति अफसर अली ने बताया कि गांव के कई बच्चों को उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया था। जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें पीलिया से ग्रसित बताया।

कुछ बच्चों का घर पर उपचार चल रहा है, जबकि अन्य निजी अस्पतालों और दूसरे शहरों में इलाज करा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रदूषित पानी से बीमारी फैलने की आशंका जताई है। रुद्रपुर के कृष्णा हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर के फिजिशियन डॉ. गौरव अग्रवाल ने बताया कि अल्तमस का एसजीओटी और एसजीपीटी स्तर हजारों में पहुंच गया था। वह एक्यूट फुलमिनेंट हेपेटाइटिस से पीड़ित था। पीलिया बढ़ने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को नयागांव में बच्चों के पीलिया से ग्रसित होने की सूचना मिली। इसके बाद सितारगंज में रैपिड रिस्पांस टीम गठित कर दी गई है। टीम घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी और बीमारी के कारणों की जांच करेगी।

जल संस्थान को पानी में क्लोरीनेशन कराने और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं।

